# जय रघुनन्दन जय सियाराम भजन लिरिक्स

जय रघुनन्दन जय सियाराम,
हे दुखभंजन तुम्हे प्रणाम।bd।

---

भ्रात भ्रात को हे परमेश्वर,
स्नेह तुन्ही सिखलाते,
नर नारी के प्रेम की ज्योति,
जग में तुम्ही जलाते,
ओ नैया के खेवन हारे,
जपूं मै तुम्हरो नाम,
जय रघुनंदन जय सियाराम,
हे दुखभंजन तुम्हे प्रणाम।bd।

---

तुम ही दया के सागर प्रभु जी,
तुम ही पालन हारे,
चैन तुम्ही से पाए बेकल,
मनवा सांझ सकारे,
जो भी तुम्हरी आस लगाये,
बने उसी के काम,
जय रघुनंदन जय सियाराम,
हे दुखभंजन तुम्हे प्रणाम।bd।

---

जय रघुनन्दन जय सियाराम,
हे दुखभंजन तुम्हे प्रणाम।bd।

प्रेषक – शिवकुमार शर्मा
**9926347650**

---

https://youtu.be/LasoyYi19Bc

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com